आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 15 लखनऊ, बुद्धवार 21 जुलाई से 27 जुलाई, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## भाजपा को पचा नहीं पा रही हैं विपक्षी पार्टियां : मोदी

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में कई मसलों को लेकर चल रहे हंगामे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों पर हमला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियां भाजपा को पचा नहीं पा रही हैं। उन्होंने कांग्रेस के व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को भी निशाना बनाया और कहा कि दिल्ली में २० फीसदी से ज्यादा फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका नहीं लगा है। संसद के मनसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– विपक्षी दल हमें पचा नहीं पा रहा है। कांग्रेस का व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना है। बैठक में मौजूद नेताओं के मुताबिक मोदी ने कहा– कांग्रेस हमें पचा नहीं पा रही है और वो जान बूझकर नकारात्मक माहौल बनाती है, जबकि सच्चाई ये है कि देश मे वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। कांग्रेस मानती है कि सत्ता में रहना उसका अधिकार है। मोदी ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना



साधा और कहा कि आज भी दिल्ली में २० फीसदी फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन नहीं लगना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा– कांग्रेस को अपने खिसकते जनाधार की चिंता नहीं है, वो सब जगह खत्म हो रही है लेकिन उन्हें अपनी नहीं हमारी चिंता ज्यादा है। मोदी ने कहा– कांग्रेस असम, बंगाल और केरल में हार गई फिर भी उसकी नींद नहीं खुली है। कोरोना जैसी महामारी सौ साल बाद आई है। पहले लोग बीमारी और भुखमरी से ज्यादा मरते थे। हम मानवता और कर्तव्य भावना से ८० करोड़ से ज्यादा लोगों को खाना खिला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से कहा कि लोगों को सच बताते रहें ताकि कांग्रेस के दुष्प्रचार का मुकाबला हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा– भाजपा सांसद २४–२५ जुलाई को पीडीएस की दुकानों पर जाएं, जहां ८० करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जाएगा। सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को नवंबर तक मुफ्त राशन देने का ऐलान किया है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून के अहम बिंदुओं पर नए सिरे से मंथन होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने भले ही जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बन रहे कानून में एक संतान वाले दंपती को अतिरिक्त प्रोत्साहन की सिफारिश की है लेकिन, इस पर आम सहमति नजर नहीं आ रही। इस प्रस्तावित कानून पर ऐसे कई अहम बिंदुओं पर नए सिरे से मंथन होगा। राज्य विधि आयोग को उत्तर प्रदेश जनसंख्यक (नियंत्रण, स्थिरीकरण व कल्याण) विधेयक–२०२१ के प्रारूप पर आठ हजार से अधिक सुझाव मिले हैं।आयोग के प्रस्तावित प्रारूप में कई बिंदुओं पर छूट का दायरा बढ़ भी सकता है और कुछ कटौतियां भी हो सकती हैं। राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एएन मित्तल का कहना है कि आठ हजार से अधिक सुझाव मिले हैं, जिन्हें अलग–अलग श्रेणी में बांटकर उनका अध्ययन किया जाएगा। माना जा रहा है कि आयोग इस माह के अंत तक प्रारूप को अंतिम रूप देकर उसे शासन को सौंप देगा। राज्य सरकार अगले माह मानसून सत्र में जनसंख्या नियंत्रण कानून के विधेयक को विधान मंडल में ला सकती है। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर दूसरे राज्यों तक में चर्चा छिड़ी है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्याध्यक्ष अध्यक्ष आलोक कुमार ने बीते दिनों विधि आयोग के प्रस्तावित प्रारूप



पर सवाल भी उठाया था। उनका कहना था कि केवल एक ही बच्चा पैदा करने वाले दंपती को अधिक लाभ दिए जाने के बिंदु पर दोबारा सोचा जाना चाहिए।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कुछ अनुषंगिक संगठन की ओर से भी सुझाव भेजे गए हैं। कुछ संगठनों ने दो बच्चों के बजाए कानून को तीन बच्चों की न्यूनमत सीमा के अनुरूप बनाए जाने का सुझाव दिया है। राज्य विधि आयोग अब सभी बिंदुओं पर मंथन करेगा। प्रदेश की जनसंख्या के आंकड़ों का भी अध्ययन किया जा रहा है। कई न्यायमूर्ति के भी सुझाव आने हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य विधि आयोग ने जनसंख्या नियंत्रण कानून का प्रारूप करीब १५ दिन पूर्व बेवसाइट पर अपलोड कर १६ जुलाई तक सुझाव मांगे थे। आयोग ने प्रस्तावित प्रारूप में आम लोगों के साथ–साथ सरकारी अधिकारियों– कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों पर बड़े अंकुश लगाए जाने की सिफारिशें की हैं। दो से अधिक बच्चे वालों को स्थानीय निकाय चुनाव (नगर निकाय से लेकर पंचायत चुनाव तक) से वंचित रखने से लेकर सरकारी नौकरी की प्रवेश परीक्षा में प्रतिबंध लगाने की बात कही है। वहीं, एक बच्चा ही रखने वाले दंपती को अतिरिक्त लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है। बहुविवाह करने वालों को भी इस कानून के दायरे में लाया गया है। अब पक्ष व विपक्ष में आए सुझावों के आधार पर प्रमुख बिंदुओं व आपत्तियों को अलग किया जाएगा, जिसके आधार पर बदलाव पर विमर्श होगा।

## कोरोना वायरस की दूसरी लहर में अक्सीजन की कमी से कोई नहीं मरा!

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दावा किया है कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर में देश में अक्सीजन की कमी से किसी की जान नहीं गई है। संसद के चालू सत्र के दौरान केंद्र ने राज्यसभा यह जानकारी दी। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इस बारे में सवाल किया था, जिसका जवाब देते हुए केंद्र ने कहा कि अक्सीजन की कमी से किसी की जान नहीं गई। हालांकि अप्रैल और मई के महीने में राजधानी दिल्ली से लेकर देश के कई राज्यों में अक्सीजन की कमी से सैकड़ों लोगों की जान गई। केसी वेणुगोपाल ने सदन में कहा था कि सड़कों और अस्पतालों में बड़ी तादाद में कोरोना मरीजों की मौत हुई है। दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण ऐसा हुआ है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉक्टर भारती प्रवीण पवार ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था राज्यों का विषय है। इसके बाद भी केंद्र सरकार ने उनकी बहुत मदद की है। सभी राज्यों तक अक्सीजन सप्लाई पहुंचाई गई है। डॉ. भारती ने कहा कि कोरोना की पहली लहर में रोजाना ३,०६५ मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती थी, जबकि दूसरी लहर में रोजाना नौ हजार मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी। केंद्र ने राज्यों तक अक्सीजन पहुंचाने के लिए अच्छा फ्रेमवर्क तैयार किया था। तीसरी लहर के बारे में चर्चा करते हुए राज्यसभा में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्र सरकार का काम सिर्फ डाटा को राज्यों से इकट्ठा करके पब्लिश करने का है। हमने कभी



किसी राज्य को डेटा से छेड़छाड़ करने के लिए नहीं कहा। ऐसा करने का कोई कारण नहीं है। मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में भी प्रधानमंत्री ने यही बात कही थी। मंडाविया ने कहा– १३० करोड़ लोगों के साथ सभी राज्य सरकारें भी संकल्प लें कि हम देश में तीसरी लहर नहीं आने देंगे। हमारा संकल्प और प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन हमें तीसरी लहर से बचा सकता है। ये समय एकजुट होकर काम करने का है। केंद्र सरकार ने किसी राज्य से ये नहीं कहा कि आपने काम किया या नहीं किया। हम इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते।

## पूर्व सीएम कल्याण सिंह की हालत अस्थिर, अस्पताल ने जारी किया हेल्थ बुलेटिन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व सीएम कल्याण सिंह की तबीयत नासाज हो गई है। एसजीपीजीआई ने उनका हेल्थ बुलेटिन जारी किया है। जिसके अनुसार, कल्याण सिंह को सांस में दिक्कत आ रही है। उन्हें नन इनवेसिव वेंटीलेशन पर रखा गया है। बता दें कि लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एस जीपीजीआई) में कल्याण सिंह को बीमारी के चलते भर्ती कराया गया था। ८९ साल के कल्याण सिंह को शनिवार शाम से सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद अक्सीजन थेरेपी शुरू कर दी गई है। अस्पताल के पीसीएम, कार्डियोलजी, नेफ्रोलजी, न्यूरोलजी और एंडोक्रायोनोलजी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर निगरानी बनाए हुए हैं। उनके स्वास्थ्य के लिहाज से आने वाले दो दिन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता कल्याण सिंह यूपी के मुख्यमंत्री रहने के साथ ही राजस्थान के राज्यपाल भी रह चुके हैं। आपको बता दें कि ४ जुलाई को संक्रमण और अन्य बीमारियों के चलते कल्याण सिंह को एसजीपीजीआई में एडमिट कराया गया था। पूर्व सीएम से मिलने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ कल्याण सिंह भी अस्पताल पहुंचे थे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उनसे मिल चुके हैं।


# सम्पादकीय

## सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप स्वागतयोग्य

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार मणिपुर के एक मानवाधिकार कार्यकर्ता को फौरन रिहा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने जो फुर्ती दिखाई, उसका भी स्वागत होना चाहिए। मसलन, कोर्ट में सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से इस मामले की सुनवाई एक दिन टालने का अनुरोध किया था। लेकिन अदालत ने कहा कि अब पीड़ित मानव अधिकार कार्यकर्ता लिचोम्बम को जेल में रखना उनकी स्वतंत्रता और जीने के अधिकार का उल्लंघन है। मणिपुर के कार्यकर्ता एरेंड्रो लिचोम्बम को स्थानीय पत्रकार किशोर चंद्र वांगखेम के साथ महज इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया था कि उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की मौत के बाद फेसबुक पोस्ट पर एक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि गोमूत्र और गोबर कोरोना का उपचार नहीं है। मणिपुर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रोफेसर टिकेंद्र सिंह की इस साल मई में कोरोना से मौत हो गई थी। उसके बाद राजनीतिक कार्यकर्ता एरेंड्रो लिचोम्बम ने १३ मई को अपनी एक पोस्ट में लिखा था कि कोरोना का इलाज गोबर और गोमूत्र नहीं है। इलाज विज्ञान और सामान्य ज्ञान है। गौरतलब है कि भाजपा के कई नेता गोबर और गोमूत्र को कोरोना का इलाज बता रहे थे। इसी तरह स्थानीय पत्रकार किशोर चंद्र वांगखेम ने अपनी एक फेसबुक पोस्ट में लिखा था– "गोबर और गोमूत्र काम नहीं आया। यह दलील निराधार है।" इसके बाद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष उषाम देबन और महासचिव पी. प्रेमानंद मीतेई ने इन दोनों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत उनको गिरफ्तार कर लिया था। जब ऐसी राय जताने पर रासुका लगने लगे, तो जाहिर उस देश में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की धारणा पर गंभीर सवाल उठ खड़े होते हैं। इसलिए कोर्ट का ये हस्तक्षेप हालांकि देर से हुआ, फिर भी उचित है। बहरहाल, रासुका लगाने के लिए पुलिस के पास क्या साक्ष्य थे, यह भी कोर्ट को जरूर पूछना चाहिए। अगर पुलिस न्यायिक कसौटी पर खरा उतरने वाले साक्ष्य को पेश करने में विफल रहती है, तो जिन अधिकारियों ने ये धारा लगाई और व्यक्ति के मूलभूत अधिकारों का हनन किया, उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। आखिर पुलिस सत्ताधारी दल की एजेंसी नहीं होती। उसे कानून और संविधान के दायरे में काम करना चाहिए।

## जासूसी कांड पर हंगामा कर विपक्ष ने विश्व पटल पर देश की छवि को खराब करने का काम किया : योगी

लखनऊ। इजरायल के एक साफ्टवेयर पेगासस के जरिये जासूसी के ताजा विवाद पर विपक्षी दलों के बवाल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको विपक्ष का खराब आचरण बताया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में मीडिया को संबोधित किया और कहा कि इस तथाकथित जासूसी कांड पर हंगामा कर विपक्ष ने विश्व पटल पर देश की छवि को खराब करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर हमला बोला है। योगी आदित्यनाथ ने इसे भारत को अस्थिर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश करार दिया। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में योगी ने कहा कि विपक्ष नकारात्मक राजनीति के जरिये देश और नेतृत्व को दुनिया में बदनाम करना चाहता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष विश्व पटल पर देश की छवि को खराब कर रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण काल के दौरान भी विपक्ष की नकारात्मक रवैये से देश की छवि खराब हुई, लेकिन भारत की बाद में सभी देशों ने



जमकर सराहना की थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह नकारात्मक भूमिका में है। इसी दौर में विपक्ष अब तो जाने–अनजाने उन अंतरराष्ट्रीय साजिशों का शिकार हो रहा है जो किसी न किसी रूप में भारत को अस्थिर और अस्त–व्यस्त करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कालखंड के अंदर विपक्ष के इस नकारात्मक रवैये के कारण भारत की छवि पहले ही काफी आहत हुई। तथ्यहीन और झूठे आरोप लगाकर देश के यशस्वी नेतृत्व को बदनाम करना, देश की छवि को लगातार धूमिल करना विपक्ष के एजेंडे का हिस्सा बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को खराब करने और भारत को अस्थिर करने के लिए जिन मंसूबों के साथ विपक्ष काम कर रहा है वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही हुए हंगामे को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि संसद अपनी बात रखने का मंच है, लेकिन विपक्ष मनगढ़ंत और झूठे आरोप लगाकर सदन न चलने देने की साजिश रच रहा है।

## योगी आदित्यनाथ सरकार में इसी महीने के अंतिम हफ्ते में विस्तार होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव २०२२ से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे तथा अंतिम विस्तार व फेरबदल की तैयारी चल रही है। माना जा रहा है कि इसी महीने के अंतिम हफ्ते में विस्तार होगा। इसकी तारीख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फाइनल करनी है। २५ या २६ के साथ ३० जुलाई को भी विस्तार माना जा रहा है।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी विस्तार के लिए हरी झंडी दे दी है। भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को उनसे भेंट करने के बाद लखनऊ लौटे हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार के विस्तार में पांच से छह लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की जगह है। योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय समीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल का विस्तार भी उसी मॉडल पर किया जा सकता है, जैसे केंद्र में नरेंद्र मोदी कैबिनेट का हुआ है। इसमें भी



जातीय, क्षेत्रीय समीकरण को देखने के साथ युवाओं को अधिक मौका दिया जा सकता है।उत्तर प्रदेश सरकार में निषाद पार्टी के संजय निषाद को भी शामिल किया जा सकता है। भाजपा की नजर ब्राह्मण चेहरे पर भी है। ऐसे में जितिन प्रसाद की एंट्री भी मुमकिन है। उन्हें तो विधानपरिषद के जरिए मंत्रिमंडल में लाया जा सकता है। इनके साथ ही किसी महिला नेता को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई जा सकती है।उत्तर प्रदेश में २०२२ में होने वाले विधानसभा चुनाव दो देखते हुए भाजपा के साथ संघ का पूरा जोर जातीय गणित को साधने पर हैं। अब मंत्रिमंडल विस्तार के लिए जो सूची तैयार की गई है उसमें जातीय गणित का पूरा ध्यान रखा गया है। फिलहाल प्रदेश में मुख्यमंत्री के अलावा २२ कैबिनेट मंत्री, नौ ६ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और २१ राज्यमंत्री यानी कुल ५३ लोग हैं। उत्तर प्रदेश की कैबिनेट में ६० लोग शामिल हो सकते हैं। अभी भी सात जगह खाली है। कैबिनेट के विस्तार में दलित, पिछड़ा वर्ग के साथ ब्राह्मणों को भी प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है।

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का नामित एमएलसी होना तय

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बेहद गंभीर है। भाजपा में इन दिनों विधान परिषद में मनोनीत चार पदों पर चयन को लेकर गंभीर मंथन चल रहा है। चार में एक पद पर कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का नाम तो तय ही है। अन्य तीन लोगों के नाम पर भी शीघ्र ही मुहर लगने की संभावना है। कांग्रेस में लम्बे समय तक मंत्री रहे जितिन प्रसाद के अनुभव का लाभ लेने को भाजपा तैयार भी है। माना जा रहा है कि २०२२ के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जितिन प्रसाद को प्रचार में लगाने के लिए उनको विधान परिषद सदस्य के रूप में मनोनीत किया जा सकता है। चार मनोनीत सदस्यों की फाइनल सूची जितिन प्रसाद का नाम सबसे ऊपर है।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने भी उत्तर प्रदेश में जातीय गणित साधने के लिए जितिन प्रसाद को विधान परिषद सदस्य के रूप में मनोनीत करने को लेकर अपनी मंजूरी दे दी है। संगठन महामंत्री सुनील बंसल के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में नड्डा तथा स्वतंत्र देव की सहमति ली गई जितिन प्रसाद के साथ ही भारतीय जनता पार्टी अब जल्द तीन और नाम की घोषणा कर सकती है। कांग्रेस में जितिन प्रसाद को उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण चेहरे के तौर पर देखा जाता था। वह अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसी कारण भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले जातीय समिकरण साधने के लिए जितिन प्रसाद को ब्राह्मण चेहरे के तौर पर दिखा सकती है। इसी कारण उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मनोनीत सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति पर विचार हो रहा है।उत्तर प्रदेश की सौ सदस्यों वाली विधानपरिषद में दस सदस्यों को मनोनीत करके भेजा जाता है। प्रदेश सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल इन्हें मनोनीत करते हैं। वैसे तो मनोनीत क्षेत्र के सभी सदस्यों को साहित्य, कला, सहकारिता, विज्ञान और समाज सेवा के क्षेत्र से चुना जाना चाहिए, लेकिन पिछले कुछ वर्ष में राजनेताओं को ही मनोनीत करने का चलन शुरू हो गया है। विधान परिषद में फिलहाल भाजपा के ३२ सदस्य हैं। अब चार सदस्य बढने के साथ सदन में इनकी संख्या ३६ हो जाएगी।

## लखनऊ में रिवर फ्रंट के पास मिली युवक की साइकिल

लखनऊ। राजधानी में सोमवार देर रात एक युवक के गोमती बैराज छलांग लगाने की आशंका से सनसनी फैल गई। युवक ने रात में अपने एक मित्र को फोन करके कूदने की बात कही थी जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही है। परिवारीजन जब उसे ढूंढते हुए गोमती बैराज पर पहुंचे तो वहां उसकी साइकिल मिली। जिसके बाद से उसका सर्च अपरेशन चल रहा है।इंदिरानगर के रहने वाले अभय श्रीवास्तव १८ एक खिलौने की दुकान पर काम करता है। अभय ने सोमवार रात साढ़े १० बजे करीब दोस्त सदान को फोन करके आत्महत्या करने की बात कही। अभय ने सदान से कहा कि मैं अपनी लाइफ से परेशान हो चुका हूं और आत्महत्या करने जा रहा हूं। इसी बीच सदान ने उसे समझाते हुए बहन कीर्ति को कान्फ्रेंस पर ले लिया। कीर्ति ने उसे समझाते हुए घर आने के लिए कहा। कीर्ति के समझाने के बाद अभय ने घर आने की बात कही। जब एक घंटे तक अभय घर वापस नहीं आया तो परिवारीजनों ने उसे फोन लगाया, लेकिन फोन स्विच अफ आया। जिसके बाद परिवारीजन उसकी तलाश में निकले। काफी ढूंढने के बाद रिवर फ्रंट गोमती बैराज के पास उसकी साइकिल मिली। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। रात होने की वजह से सर्च अपरेशन शुरू नहीं हुआ, लेकिन सुबह सात बजे से एनडीआरएफ की टीम उसे ढूंढने में लग गई। हालांकि घंटों की मशक्कत के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। वहीं जीजा अमित प्रजापति ने बताया कि अभय ने फोन पर कुछ उधार चुकाने की बात भी कही थी।पुलिस का कहना है कि अभय की तलाश की जा रही है। अभी कुछ भी कहना उचित नहीं है। अभय ने आत्महत्या की बात क्यों कही, इसके बारे में पता नहीं चल सका है। बारिश की वजह से नदी में अभय की तलाश में समस्या आ रही है।

# नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह के आगमन पर प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह के प्रथम लखनऊ आगमन पर प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वागत



किया। कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री डा. सतीशचंद्र द्विवेदी, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, प्रदेश मंत्री संजय राय, सुभाष यदुवंश और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। वैभव ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि युवा मोर्चा भाजपा के कंधे से कंधा मिलाकर मिशन–२०२२ में ताकत से जुटेगा। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह का लखनऊ एयरपोर्ट से प्रदेश मुख्यालय तक जगह–जगह पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल–माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रदेश मुख्यालय पर कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक ने वैभव सिंह को शुभकामना देते हुए युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश के जनकल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में वो शक्ति है जो किसी भी धारा को मोड़ने का काम कर सकती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी २०२२ विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी को ३५० से अधिक सीटे जिताने का काम करेगी।राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी ने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले विधानसभा में ३२५ सीटे जीती थी, लेकिन इस बार २०२२ के विधानसभा चुनाव में कम से कम ३५० सीटे जीतकर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार दोबारा बनानी है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार की योजनाओं व नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने में युवा मोर्चा के साथियों की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा साथी प्रदेश में हर वर्ग तक संगठन व सरकार की नीतियों का प्रचार व प्रसार करे तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचर उसे लाभ मिल सके इस दिशा में युवा मोर्चा के साथी कार्य करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुनः २०२२ में प्रचण्ड बहुमत की सरकार बने इस दिशा में कृतसंकल्पित होकर पूरे जोश के साथ कार्य करे।

# नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख एवं क्षेत्रपंचायत सदस्यों ने पद और गोपनीयता ली शपथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मंगलवार को नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख एवं क्षेत्रपंचायत सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की मोहनलालगंज ब्लक परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मोहनलालगंज उप जिला अधिकारी डॉक्टर शुभी कानन में नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जिसके बाद मोहनलालगंज खंड विकास अधिकारी ने मौजूद सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे समाजवादी पार्टी के ब्लाक प्रमुख पद के उम्मीदवार रहे नवनीत सिंह व भारतीय जनता पार्टी के मोहनलाल गंज मंडल अध्यक्ष सुध ांशु सिंह महामंत्री अंजनी शुक्ला ने नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख वा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य को माला पहनाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत क्षेत्र पंचायत कार्यकारिणी की पहली बैठक कर कोरम को पूरा किया गया इसके बाद नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने ५ वर्ष के कार्यकाल की शुरुआत की इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी एसीपी दिलीप कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहेद्य

# दो शातिर चोर को सामान के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ सरोजनीनगर इलाके में बेखौफ चोरों द्वारा बंद मकानों व नकाबनजनी करने वाले दो शातिर



अभियुक्तों को सामान के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।सरोजनीनगर में बंद मकानों व नकब जनी करने वाले दो अभियुक्तों में जनपद प्रताप गढ़ के थाना कुंडा के चकिया गांव निवासी जगत सिंह पुत्र विजय सिंह सरोजनीनगर के भूमि बिहार कालोनी में रहकर इन कार्यों को अंजाम देते है ।वहीं इनका दूसरा साथी कृष्णा नगर के रुस्तम बिहार कालोनी निवासी सूरज प्रसाद साहू का पुत्र नारेंद्र साहू उर्फ सनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि इनका एक साथ बिहार राज्य के आरा जनपद के थाना बड़ा गांव के राम पुर निवासी विजय शंकर सिंह पुत्र सोनू सिंह थाना सरोजनी नगर के नादरगंज पुलिस चौकी की बगल में रहता है जो मौके से फरार ही गया है । गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से एक आला नकब , एक लैपटॉप , एक एल ई डी टी वी , गैस सिलिंडर , एक खाली टिन दान पेटी , पंद्रह सौ रुपए की नकदी बरामद किया है ।इनके खिलाफ सरोजनीनगर में कई विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है । इन अभियुक्तों को थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ,उपनिरीक्षक अरुण प्रताप , हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव व बलबीर यादव के साथ ही कई पुलिस कर्मी शामिल थे जिन्हे गिरफ्तार किया है ।

# संजय गांधी पीजीआइ में पित्ताशय कैंसर के साथ लिवर की पहली लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

लखनऊ। पित्ताशय में कैंसर की ओपेन सर्जरी खास तौर पर सामान्य लोगों संभव है, लेकिन मोटापे की शिकार महिला में ओपेन सर्जरी मुश्किल थी। ऐसे में मरीज की जिंदगी बचाने के लिए संजय गांधी पीजीआइ के गैस्ट्रो सर्जन प्रो. अशोक कुमार (द्वितीय) ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की। सर्जरी के बाद सोमवार को मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे गई है। उन्नाव की रहने वाली ४२ वर्षीय रानी सिध्हं के पेट में दर्द की परेशानी हुई। जांच में पता चला कि पित्ताशय में गांठ है। फिर उन्हें पीजीआइ रेफर कर दिया गया। यहां पर कई जांच के बाद पता चला कि पित्ताशय की गांठ में कैंसर है।प्रो. अशोक बताते हैं कि सामान्य लोगों में ओपन सर्जरी बहुत आसान होती है, लेकिन रानी का वजन ६२ किलोग्राम था। पेट पर अधिक चर्बी के कारण पित्ताशय तक पहुंचना काफी कठिन था। पूरे मामले को यूनिट हेड गैस्ट्रो सर्जन प्रो. अनु बिहारी के सामने रखा तो तय हुआ कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी ही उपाय है। प्रो.अशोक का कहना है कि इतने भार के मरीज में पित्ताशय कैंसर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी फिलहाल कहीं से रिपोर्टेड नहीं है। यह प्रदेश का पहला मामला है।

# नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख को एसडीएम ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद ब्लॉक प्रमुखी के विजेता निर्मल वर्मा ने किया शपथ ग्रहण जो कोतवाली मलिहाबाद प्रभारी चिरंजीव मोहन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण शपथ ग्रहण पूर्ण हुआ। ब्लॉक सभागार में मंगलवार को नवनिर्वाचित ब्लक प्रमुख निर्मल वर्मा को एसडीएम मलिहाबाद अजय कुमार राय ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा ने बीडीसी सदस्यों और भाजपा को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनकी मेहनत और उनके सर्मथन के बाद ही ब्लक मलिहाबाद में कमल का फूल खिला हैं । साथ ही सभी को समानता देते हुए गांव में विकास कार्य ही उनकी प्राथमिकता होगी समारोह में विध ाायक जयदेवी कौशल ने बीडीसी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आखिरकार सत्यता की जीत हुई और चुनाव का परिणाम हमारे पक्ष में रहा। साथ ही विधायक ने निर्मल वर्मा को महीने में दो बार बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक करने को कहा जिससे जनता और बीडीसी का विश्वास अपने ब्लक प्रमुख पर स्नेह के साथ बना रहे। बीडीसी सदस्यों में सबसे पहले शपथ लेने ईशापुर के बडीसी सदस्य आनंद सिंह और तिलसुवा के बीडीसी सदस्य अनुराग सिंह पहुँचे इस मौके पर उन्होंने विध ाायक जयदेवी कौशल को पुष्प माला देकर उनका स्वागत किया प्रमुख प्रतिनिधि युवा नेता मीनू वर्मा सहित शपथ ग्रहण समारोह में सीओ मलिहाबाद योगेंद्र सिंह,कार्यवाहक बीडीओ विनायक सिंह,एडीओ पंचायत देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन अरविंद शर्मा ,जयगोविंद अवस्थी,चंद्र मोहन त्रिपाठी,पंकज गुप्ता, आशीष द्विवेदी, रामविलास, लल्ला मौर्य, दिनेश मौर्य, राजेश लोधी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता, प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के बाद निधन



लखनऊ। लोकतंत्र सेनानी का लंबी बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया नगराम क्षेत्र के अंतर्गत समेसी के राम बख्श खेड़ा गांव निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी ८१ वर्षीय राममनोहर रावत का लम्बी बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विध ाायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित कर नमन किया ।तथा मौके पर पंहुचे नायब तहसीलदार व पुलिस अधिकारियों ने पुष्प व राष्ट्रीय ध्वज अर्पित कर सलामी देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर,नायब तहसीलदार प्राची त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक नगराम मोहम्मद अशरफ,प्रधान अतुल यादव, किसान नेता रामा नंद,सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तहसील व थाना दिवस मेंशिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर कार्रवाई का चाबुक चलना तय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब स्पष्ट संकेत दे दिया है कि जन शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर कार्रवाई का चाबुक चलना तय है। तहसील और थाना दिवस में आने वाली शिकायतों के पांच दिन में निस्तारण की व्यवस्था बना चुके सीएम योगी ने अधिकारियों को यह ध्यान रखने की सख्त हिदायत दी कि तहसील और थाना दिवस में किसी को भी दोबारा प्रार्थना पत्र देने की जरूरत न पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि जन समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील दिवस, जबकि दूसरे और चौथे शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कहा जा चुका है कि तहसील दिवस और थाना दिवस में आने वाले आवेदन पत्रों का निस्तारण हर हाल में अगले पांच दिन में हो जाना चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी फरियादी को दोबारा प्रार्थना पत्र देने की जरूरत न पड़े। जनता की संतुष्टि ही अधिकारियों की कुशलता की मानक होगी। इन कार्यक्रमों की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सीधी निगरानी करें। उन्होंने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) के मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



योगी ने कहा कि सभी जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महीने में एक दिन व्यापार मंडल व उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ संवाद करें। मेरिट के आधार पर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं का तुरंत समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग हर सप्ताह एक दिन शाम को एक घंटे का समय विभागीय कर्मचारियोंकी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित करें। समस्याओं के समाधान के लिए तुरंत प्रयास होने चाहिए। कोविड संक्रमण से दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरण तुरंत निपटने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के जरिये वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर मदद दिलाने की कार्ययोजना बनाने को भी कहा है।

# जाती तोडो समाज जोड़ो बहुजन साइकिल यात्रा प्रारंभ

लखनऊ। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देशानुसार आज लखनऊ विधानसभा मलिहाबाद में भीम आर्मीआजाद समाज पार्टी प्रभारी अभिषेक रावत जी आजाद समाज पार्टी विधानसभा सभा अध्यक्ष आर के आदर्श जी भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, भीम आर्मी विधानसभा



के नेतृत्व में जाति तोडो समाज जोड़ो बहुजन साइकिल यात्रा विशिष्ट नवीन सब्जी मंडी से प्रारंभ की गई जिसमें उपस्थित आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अजय कुमार आनंद जी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अरविंद अवतर जी जिला उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया,मोहन लालगंज विधानसभा कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार ,शैलेन्द्र ,मोहित, सैकड़ों की संख्या में भीम आर्मी अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी पहुँचे यात्रा को सफल बनाने में.

# अद्भुत विवाह : आम और जामुन के वृक्षों का विवाह

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

विवाह मानव समाज में वंश बेल की वृद्धि के लिए सदियों से चली आ रही एक परम्परा है. कुछ आदिवासी समाज में वर्षा के लिए मेढक मेढकी का विवाह भी कराया जाता है . कही कुत्तों का भी यह कि दोनों पेड़ों के विवाह की रस्में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई हैं. बीनपुर गाँव के लोग बराती और घराती बने. आम और जामुन के पेड़ों की शादी गांव बीनपुर निवासी ओमप्रकाश द्विवेदी ने कराई है. वेद विद्वान पंडित अनिल लगाते समय यह संकल्प लिया था कि जब बाग में खूब फल फूल आने लगेंगे तो पेड़ों का विवाह कराएंगे. यह भी संकल्प लिया था कि जिन पेड़ों की शादी कराएंगे उन पेड़ों को मान पक्ष को दान करेंगे. इसी संकल्प को दोनों पेड़ दान कर दिए. जिस तरह वैवाहिक समारोह में भोज की परंपरा होती है, उस परंपरा को पेड़ों की शादी में भी निभाया गया. आयोजक ने शादी में पहुंचे रिश्तेदारों और ग्रामीणों को पेड़ों के वैवाहिक समारोह संपन्न होने होने देंगे. यह पेड़ समाज को समर्पित हैं. राजस्थान में पेड़ों की शादी के साथ साथ तालाबों की प्राण प्रतिष्ठा की भी परंपरा है. कासगंज में यह अनूठा प्रयास पर्यावरण संरक्षण को बेहतर संदेश दे रहा है. पेड़ों की शादी






विवाह कराया जाता है. लेकिन जब बात पेड़ों की शादी की हो तो हैरानी होना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसा हुआ है उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले की तहसील पटियाली के गांव बीनपुर में. यहां एक पर्यावरण प्रेमी ने दो पेड़ों की शादी कराई है. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पिछले दिनों एक शुभ मुहूर्त में प्रातःकाल आम और जामुन के पेड़ों को वैवाहिक बंधन में बांधा गया. खास बात कुमार मिश्रा ने हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार मंत्रोच्चारण करते हुए पेड़ों के विवाह की रस्मों को पूरा कराया. इस अनूठी शादी को देखने के लिए गाँव के अलावा क्षेत्रीय लोग उमड़े. जिसको भी इसकी जानकारी मिली, वह इस शादी का साक्षी बनने के लिए उत्सुक दिखाई दिया. ओमप्रकाश द्विवेदी बताते हैं कि १० वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी सौ बीघा जमीन में आम का एक बाग लगाया था. बाग पूरा करते हुए उन्होंने पिछले दिनों एक शुभ मुहूर्त में आम और जामुन के पेड़ों की शादी कराई. इसी के साथ उन्होंने अपने बहन, बहनोई को दोनों पेड़ दान कर दिए. वधि विधानपूर्वक विवाह संपन्न होने के बाद आयोजक ने ब्राह्मण को दान दक्षिणा दी. पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश द्विवेदी ने वैवाहिक समारोह संपन्न होने के बाद अपनी बहन संतोष कुमारी और बहनोई विजय शंकर को के बाद सहभोज भी कराया. कासगंज क्षेत्र में यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है.पर्यावरण विशेषज्ञ दिवाकर वशिष्ठ कहते हैं कि पेड़ों की शादी की परंपरा सबसे अधिक राजस्थान में है. क्योंकि वहां पेड़ों की संख्या कम है, इसलिए वहां के पर्यावरण प्रेमी काफी लंबे समय से विधि विधानपूर्वक पेड़ों की शादी कराते हैं और शादी के बाद यह संकल्प लेते हैं कि उनका कटान नहीं कराने वाले ओम प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि मैंने देखा है कि तेजी से पेड़ों का कटान हो रहा है, लेकिन लोगों का पौधरोपण की ओर ध्यान नहीं है. इससे पर्यावरण को खतरा हो रहा है और मुझे यह भी जानकारी हुई थी कि पेड़ों की शादी कुछ जगह लोग कराते रहे हैं. इसलिए जनमानस को पौधरोपण और पर्यावरण का संदेश देने के लिए यह आयोजन कराया है।

# मस्जिदों में बकरीद की नमाज पर सिर्फ 50 लोगों के प्रवेश की अनुमति, बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

लखनऊ। कोविड–१९ संक्रमण से सुरक्षा के मद्देनजर इस बार मस्जिदों में बकरीद की नमाज पर सिर्फ ५० लोगों के प्रवेश की अनुमति रहेगी। बुधवार को नमाज के समय शारीरिक दूरी और कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से सभी को पालन करना होगा। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था भी बदली रहेगी। कई मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करना होगा। यह जानकारी मंगलवार शाम डीसीपी ट्रैफिक रईश अख्तर ने दी.एडीसीपी ट्रैफिक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि डायवर्जन के दौरान अगर वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों का दबाव है। इस स्थिति में इमरजेंसी वाहन जैसे एंबुलेंस, शव वाहन अथवा दमकल फंसा है तो उसके लिए संबंधित व्यक्ति को ट्रैफिक कंट्रोल रूम के नंबर ९३८६३०४१४१, ९३८६३०४२४२ और ९४५४४०५१५५ पर फोन करना होगा। इसके बाद मौके पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी भेजकर वाहन को जाम से निकाला जाएगा। इसके अलावा अगर यातायात से संबंधित कोई अन्य समस्या है तो भी लोग यहां फोन कर सकते हैं। सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज तिराहे से पक्कापुल और टीले वाली मस्जिद की ओर। पक्के पुल से खदरा बंधा और टीले वाली मस्जिद की ओर। हरदोई रोड से आने वाले वाहन टीले वाली मस्जिद की ओर। कोनेश्वर चौराहे से बड़े इमामबाड़े की ओर। नीबू पार्क चौराहे से बड़े इमामबाड़े की ओर। चौक चौराहे से नींबू पार्क की ओर। चरक चौराहे से फूलमंडी, खुनखुन जी कलेज की ओर। शाहमीना से पक्के पुल और टीले वाली मस्जिद की ओर। डालीगंज पुल से सीतापुर रोड होते हुए पक्का पुल की ओर। शाहमीना तिराहे से हरदोई रोड की तरफ बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित। मिल एरिया से बुलाकी अड्डा के रास्ते पर केवल नमाजी जा सकेंगे। बुलाकी अड्डा तिराहे से है। दरगंज की ओर हैदरबाग से ऐशबाग ईदगाह की ओर। नाका से ऐशबाग ईदगाह की ओर। यहियागंज से ऐशबाग ईदगाह की ओर। ....इधर से जा सकेंगे....डालीगंज रेलवे क्रासिंग से बाएं आठ नम्बर चौराहा, निरालानगर या आइटी चौराहे को। पक्का पुल से पहले अथवा नया पक्का पुल के रास्ते। कोनेश्वर चौराहे से चौक या मेडिकल कालेज चौराहे के रास्ते। कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज या नए पक्के पुल से। कोनेश्वर तिराहे से नया पक्कापुल के रास्ते। कोनेश्वर चौराहे से चरक चौराहा से होकर। मेडिकल कालेज से कोनेश्वर चौराहा के रास्ते। मेडिकल कालेज से डालीगंज पुल या आइटी चौराहे के रास्ते। आईटी चौराहे से कपूरथला या पुरनिया के रास्ते। शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज या कोनेश्वर चौराहा से। मवैया ओवर ब्रिज या लगड़ा फाटक होकर राजाजीपुरम के रास्ते। राजाजीपुरम से एवरेडी या मवैया के रास्ते। टिकैतराय तालाब से मिल एरिया, मवैया अथवा एवरेडी से जा सकेंगे। बुलाकी अड्डे से मिल एरिया, एवरेडी या मवैया के रास्ते। रकाबगंज पुल, नत्था तिराहे से मवैया के रास्ते।




## लोगों की आजादी में खलल, कार्रवाई करे सरकार : कोर्ट

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तमाम देशी और विदेशी दोपहिया वाहनों के साइलेंसर में मोटर व्हीकल अधिनियम के प्रावधानों को दरकिनार कर मनमर्जी से परिवर्तन कराकर कानफोडू आवाज पैदा करने को लोगों की आजादी में खलल माना है। कोर्ट ने इसे एकांतता के अधिकार का हनन करार देते हुए राज्य सरकार के अधिकारियों को ऐसी मोटरसाइकिलें चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अधिकारियों से हलफनामा मांगते हुए सुनवाई की अगली तारीख १० अगस्त तय की है। यह आदेश जस्टिस अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने 'मोडिफाइड साइलेंसरों से ध्वनि प्रदूषण' टाइटिल से जनहित याचिका दर्ज करते हुए दिया है। हाई कोर्ट ने बुलेट, हरले डेविडसन, ह्योसंग, यूएन कमांडो, सुजूकी व इंट्रूडर, व बिग डाग जैसी दोपहिया गाड़ियों की तेज आवाज को संज्ञान में लिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि



बुलेट और दूसरी बाइकों में आजकल साइलेंसर में परिवर्तित करा कर तेज आवाज में चलाने का फैशन हो गया है। इससे बीमार लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को खास तौर पर भारी दिक्कतें होती हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा ५२ को उधृत करते हुए कहा कि इसके तहत वाहनों में परिवर्तन प्रतिबंधित है।हाई कोर्ट ने इसी एक्ट की धारा १९०(२) का भी जिक्र किया जिसके तहत ध्वनि व वायु प्रदुषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई का प्रावधान है। कोर्ट ने आगे कहा कि ध्वनि प्रदुषण (विनियमन व नियंत्रण) नियम, विदेशी बाइकों जैसे हर्ले डेविडसन, ह्योसंग, यूएन कमांडो आदि पर भी लागू होता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने आदेश की प्रति प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महनिदेशक, चेयरमैन यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व डीसीपी (यातायात) लखनऊ को भेजने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि वाहन अधिनियम में अधिकतम लिमिट ८० डेसिबल है जबकि उनमें परिवर्तन करके उसकी लिमिट १०० डेसिबल तक बढ़ा दी जाती है जो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है।

## छोटी सी बात को लेकर महिला के सिर पर लोहे की रॉड से हमला

लखनऊ। पीजीआइ थाना क्षेत्र के वृंदावन कलोनी सेक्टर १२ स्थित महिला को छोटी सी बात को लेकर पड़ोसी युवक ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसके चलते महिला का सिर बुरी तरह से फट गया और वह बेसुध होकर वहीं गिर गई। यह देख आरोपित पास की वृंदावन की चौकी पहुंच गया, जहां से उसे ११२ की पुलिस पीजीआइ थाने लेकर बंदी गृह में बंद कर दिया। लेकिन आरोपित मौका देखकर फरार हो गया। वृंदावन कॉलोनी सेक्टर १२ में रहने वाले त्रिलोकी जोकि क्रिश्चियन कॉलेज में कार्यरत हैं पत्नी राजकुमारी ५० मंगलवार सुबह घर के बाहर खड़ी थी तभी छत पर रखी पानी की टंकी से पानी ओवरफ्लो हो रहा था। पड़ोस में रहने वाले युवक महेंद्र कुमार ने विरोध जताते हुए महिला से गाली–गलौज करने लगा। महिला ने विरोध जताया तो उसने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। महिला लहूलुहान हालत में बेसुध होकर गिर गई। आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर होने के चलते डाक्टरों ने उसे सिविल भेज दिया। सिविल के डाक्टरों ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर दिया। हालांकि, आरएमएल में महिला का इलाज चल रहा है। उधर, पीड़ित पति त्रिलोकी का कहना है कि युवक पहले भी मारपीट कर चुका है। वृंदावन कॉलोनी सेक्टर नौ स्थित चौकी में समझौता करा दिया गया था। मंगलवार सुबह उसने पत्नी के ऊपर फिर जानलेवा हमला किया। महिला को जहां पर आरोपित ने मारा उसके कुछ दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगे थे। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद ११२ पुलिस आरोपित को पीजीआई थाने लेकर आई थी जहां पर उसे बंदी गृह में डाल दिया गया कुछ देर बाद उसने बहाना बनाते हुए पुलिस वालों से कहा कि मुझे लघुशंका लगी है गार्ड बंदी ग्रह से बाहर निकालकर लघुशंका के लिए ले जा रहा था तभी आरोपित चारदीवारी फांद कर भाग निकला इसके बारे में गार्ड से पूछा गया तो कहा कि मैं कुछ समझ नहीं पाया तभी आरोपित मौका देख कर भाग निकला। स्पेक्टर पीजीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि जरा सी बात को लेकर युवक ने महिला के ऊपर हमला कर दिया था जिसे पकड़ कर पुलिस थाने लाई थी मुकदमा लिख कर कार्यवाही की जा रही है। रही आरोपी की थाने से भागने की बात उसकी तलाश की जा रही है।

## ईडी की अदालत नें मुल्जिम इंजीनियरों को समन जारी करने का आदेश दिया

लखनऊ। गोमती रिवर फ्रंट घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के एक मामले में दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की विशेष अदालत ने सिंचाई महकमे के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता रूप सिंह यादव, अनिल कुमार व सिद्ध नरायन शर्मा को समन जारी करने का आदेश दिया है। जिला जज व ईडी के विशेष जज सर्वेश कुमार ने ईडी से कहा है कि वो मुल्जिमों पर सात दिन में समन का तामीला सुनिश्चित करें। मामले की अगली सुनवाई २० अगस्त को होगी।ईडी ने इस मामले में मुल्जिम रूप सिंह यादव की ३० लाख, अनिल यादव की ५३ लाख व एसएन शर्मा की १५ लाख की संपत्ति भी जब्त की है। दो दिसंबर, २०२० को ईडी ने मुल्जिमों के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा ३व४ में आरोप पत्र दाखिल किया था। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव का कहना था कि ३० नवंबर, २०१७ को सीबीआइ ने गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। १८ फरवरी, २०१८ को इसी मामले में ईडी ने भी सिंचाई विभाग के आठ अधीक्षण अभियंता गुलेश चंद्रा, एसएन शर्मा, काजीम अली, शिव मंगल यादव, अखिल रमन, कमलेश्वर सिंह, रूप सिंह यादव व सुरेंद्र यादव तथा अन्य के खिलाफ सूचना दर्ज कर अपनी जांच शुरू की थी।ईडी ने जांच में पाया कि १,५१३ करोड़ की गोमती रिवर फ्रंट योजना के तहत रबर डैम व गोमती चौनलाइजेशन प्रोजेक्ट भी बनना था। इसके लिए ५६७ करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन इसके एवज में मुल्जिमों ने ७१ करोड़ रुपये सेंटेज चार्ज के रूप में जमा नहीं किया। बल्कि उस फंड का डायवर्जन कर दिया। विवेचना के दौरान मुल्जिम अनिल कुमार का नाम भी प्रकाश में आया। ईडी की विवेचना अभी जारी है।


## सरोजनीनगर में ब्लॉक प्रमुख के साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गोपनीयता की दिलाई गई शपथ

लखनऊ। सरोजनीनगर विकास खंड मुख्यालय सभागार कक्ष में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह व पहली बैठक का आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सरोजनीनगर निशांत राय व उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने सभी बी डी सी सदस्यों वॉब्लक प्रमुख को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरोजनीनगर विधायिका व स्वतंत्र प्रभार मंत्री स्वाति सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। मंगलवार को आयोजित किए गए शपथ ग्रहण व पहली बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख के साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सुनील कुमार के साथ ही क्षेत्र की ग्राम पंचायत के उन्हत्तर क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे ।शपथ ग्रहण के बाद कार्यक्रम में क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों के लिए विकास की छह विकास समितियों का भी गठन किया गया। जिसमे प्रशासनिक समिति , शिक्षा समिति, जल प्रबंधन समिति , सहित छह समितियां गठित की गई है। बैठक में उपरांत ही क्षेत्र के गांवों के विकास कार्यों का खाका खींच कर उपेक्षित स्थानों पर कार्यों को कराया जाएगा।



# पिछले २४ घंटों में भारत में ४१,८०६ नए संक्रमित हुए, लोगों की संख्या तीन करोड़ से ऊपर पहुंची

नई दिल्ली। पिछले २४ घंटों में भारत में ४१,८०६ नए लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए। इसी के साथ भारत में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर ३,०६,८७,८८० पर पहुंच गयी। जबकि इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर ४,३२,०४१ हो गयी है। बीते २४ घंटे में कोविड–१६ के २,६३३ मरीज संक्रमण मुक्त भी हुए, जिससे राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण को मात देने वालों की संख्या बढ़कर १८,६३,४६८ हो गयी। ओडिशा में २,११० और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर ६,४७,८५६ पर पहुंच गयी, जबकि ६६ और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या ४,८६१ पर पहुंच गयी। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि २,११० नए मामलों में से १,२१३ पृथक केंद्रों से सामने आए और बाकी के संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने के दौरान सामने आए। पांच जिलों में से प्रत्येक में १०० से अधिक नए मामले आए। खुर्दा जिले में सबसे अधिक ४५८ मामले आए। राज्य की राजधानी भुवनेश्वर इसी जिले के तहत आती है। राष्ट्रीय



राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के ७२ नए मामले सामने आए तथा महामारी से एक और मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दर ०.१० प्रतिशत है। बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में कोविड–१६ से अब तक २५,०२२ मरीजों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस संक्रमण से ५८१ और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर ४,११,६८६ हो गयी। पिछले २४ घंटे में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में २,०६५ मामलों की वृद्धि हुई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों की १.३६ प्रतिशत है जबकि कोविड–१६ से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर ६७.२८ प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल ४,११,६८६ लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से १,२६,३६० लोगों की मौत महाराष्ट्र, ३५,६८६ की मौत कर्नाटक, ३३,५५७ की तमिलनाडु, २५,०२१ की दिल्ली, १७,६५८ की पश्चिम बंगाल और १६,२०७ लोगों की मौत पंजाब में हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से ७० प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट इस समय अपने चरम पर है ऐसा किसने सोचा था की भारत की दो टीम एक समय पर खेल रही होगी? पर ऐसा संभव हुआ है एक टीम इंग्लैंड में है



और दूसरी टीम श्रीलंका में है जो धमाल मचा रही है। पहले वनडे मैच को श्रीलंका को उन्हीं के घर में जाके हराया। इससे आप अंदाजा लगा सकते है की यह दूसरी टीम भी कितनी मजबूत है। अब भारत की इस युवा टीम की निगाहें सीरीज जीतने पर होगी। अगर भारत दूसरा मुकाबला जीत जाती है तो ३ मैचों की सीरीज में २–० की बढ़त बना लेगी और कही अगर श्रीलंका इस दूसरे मैच को जितने में कामयाब होती है तो तीसरा मैच सीरीज का निर्णय करने वाला होगा। वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में किसी एक विरोधी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत के मामले में टीम इंडिया आज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना सकती है। मौजूदा समय में टीम इंडिया, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया संयुक्त रूप से इस मामले में नंबर–१ हैं। पहला वनडे मुकाबला भारत ने सात विकेट से जीता था, अगर आज का मुकाबला भी भारत जीत जाता है तो यह टीम इंडिया की वनडे में ६३वीं जीत होगी। पहले मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखे तो सभी ने अपनी ओर से अच्छा काम किया है पर दौरे पर ठब्ब् ने ज्यादा प्लेयर्स का स्क्वॉड भेजा है तो हो सकता है किसी को आराम करा कर किसी को मौका दिया जाए पर ऐसे एक मैच के बाद किसी को बाहर बैठाना सही नहीं होगा तो देखना होगा टीम मैनेजमेंट क्या निर्णय लेती है क्योंकि नितीश राणा, देवदत्त पडिकल, वरुण चक्रवर्ती, संसंजू सैमसन जैसे खिलाड़ी बाहर बैठे है जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करके आ रहे है। शिखर धवन (कप्तान), पृथ्वी, ईशान किशन, सूर्याकुमार यादव, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, क्रुणाल पांड्या, दीपक चाहर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार।

# केन्द्र सरकार की सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से कांग्रेस और अकाली दल का इनकार

नई दिल्ली। कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। केंद्र सरकार ने कोरोना संक्रमण के मामले पर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा के लिए बैठक बुलाई है। लेकिन इन दोनों पार्टियों ने केन्द्र की इस बैठक का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। केंद्र सरकार सर्वदलीय बैठक में देश में कोरोना संक्रमण की मौजूदा स्थिति और आगे की रणनीति को लेकर चर्चा करने वाली है। जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों से राय–विचार, उनके सुझावों को जानने के लिए बैठक का आयोजन कर रही है। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई कोरोना समीक्षा बैठक में शामिल होने से पहले खुद की शर्त रख दी है और कहा है कि जब ये शर्त मानी जाएगी तभी अकाली दल मोदी की बैठक का हिस्सा बनेगा। सुखबीर सिंह बादल ने केंद्र सरकार के सामने पहले कृषि कानूनों पर बैठक बुलाने की शर्त रखते हुए कहा कि, शिरोमणि अकाली दल कोरोना पर पीएम मोदी की बैठक का बहिष्कार करेगा। कृषि मुद्दों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाने के बाद ही इसमें भाग लिया जाएगा।

# स्कूल खोले जा सकते हैं, सीरो सर्वे में बड़ी संख्या में बच्चों में कोरोना एंडीबडी मिली

नई दिल्ली। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी आईसीएमआर की ओर से जून– जुलाई में कराए गए सीरो सर्वेक्षण की रिपोर्ट आने के बाद अब स्कूल खोले जाने की संभावना बढ़ गई है। इसका कारण यह है सीरे सर्वे में पता चला है कि बड़ी संख्या में बच्चे कोरोना से



संक्रमित होकर ठीक हो चुके हैं। छोटे बच्चों में भी एंडीबडी मिली है। तभी आईसीएमआर ने भी कहा है कि स्कूल खोले जा सकते हैं. आपको बता दें कि बीते डेढ़ साल से स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों और पहली बार स्कूल जाने योग्य हुए बच्चों का मानसिक विकास बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। मनोवैज्ञानिकों ने भी इसे एक आगामी खतरा बताते हुए प्रभावी उपायों की ओर इशारा किया है। देखने वाली बात है कि कब तक स्कूल खुलेंगे। सीरो सर्वे की रिपोर्ट जारी करते समय एक सवाल के जवाब में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि स्कूल खोले जा सकते हैं, क्योंकि छोटे बच्चों में व्यस्कों की तुलना में संक्रमण का खतरा कम है। उन्होंने बताया कि यूरोप के कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बावजूद भी स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि शुरुआती दौर में प्राइमरी स्कूल खोलने चाहिए, इसके बाद सेकेंडरी स्कूल खोले जा सकते हैं। डॉ. भार्गव ने बताया कि व्यस्कों की तुलना में छोटे बच्चे वायरस को बहुत आसानी से हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा– छोटे बच्चों के लंग्स में वे रिसेप्टर्स कम होते हैं, जहां वायरस अटैक करता है। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि अगर स्कूल खोले जाते हैं तो शिक्षकों से लेकर सभी सभी कर्मचारी पूरी तरह वैक्सीनेटेड होने चाहिए। साथ ही कोरोना के नियमों का पूरी तरह पालन होना चाहिए। हालांकि यह फैसला जिला और राज्य स्तर पर लिया जाएगा।

# लोग रिटायर होने के बाद लीजेंड बनते हैं विराट ३० साल की उम्र में लीजेंड बने : युवराज सिंह

नई दिल्ली। मौजूदा समय में विश्व क्रिकेट के बेस्ट बल्लेबाजो की बात करे तो विराट कोहली का नाम सबसे ऊपर आता है। भारतीय टीम के बेहतरीन अलराउंडर युवराज सिंह ने विराट कोहली पर बड़ा



बयान दिया है उन्होंने विराट की के खेल की जमकर तारीफ की है। लोग रिटायर होने के बाद लीजेंड बनते हैं और विराट ऐसा क्रिकेटर है, जो ३० साल की उम्र में लीजेंड बन गया। उन्होंने कहा कि विराट अभी कई मुकाम हासिल करेंगे, क्योंकि उनके पास काफी समय है। युवराज सिंह ने कहा की विराट ने टीम इंडिया की रूपरेखा में बड़ा बदलाव किया है। वह फिटनेस के स्टैन्ड्रेड को एक अलग लेवल पर ले गए। वे मेहनती है और खाने पीने को लेकर बहुत ज्यादा अनुशासित है और उनके पास दुनिया का बेस्ट खिलाड़ी वाला वो नेचर है जो हर किसी के पास नहीं होता। वो खुद पूरी तरह फिट है और युवा खिलाड़ियों के लिए एक सीख है। साथ ही युवराज सिंह ने कहा विराट रन के मामले में भी किसी से कम नहीं है साथ में टीम को लीड भी कर है कई बार ऐसा होता है की कप्तानी मिलने के बाद खिलाड़ी के परफरमेंस में कमी आ जाती है पर विराट के साथ ऐसा नहीं है उनमे रनों को भूख हमेशा लगी रहती है। उम्मीद करता हूं कि वह और ऊंचाई पर पहुंचेगा, क्योंकि उसके पास अभी काफी समय है।' इस समय विराट कोहली ही ऐसे खिलाड़ी है जिन्हे तीनो फॉर्मेट में TOP–१० रैंकिंग में जगह हासिल है।

# विपक्ष के हंगामे के बीच दूसरे दिन भी नहीं हो सकी कार्यवाही, दो बार स्थगन के बाद दिन भर के लिए गया स्थगित

नयी दिल्ली। विपक्ष के लगातार विरोध के बाद दूसरे दिन भी संसद की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी. सत्र के शुरू होते ही एक बार फिर से टेलीफोन टैपिंग, महंगाई, किसान एवं डीजल–पेट्रोल के दामों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया. अपराह्न तीन बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के आसपास आ गये. पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने एवं सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये. श्री सोलंकी ने हंगामा नहीं थमता देख कर सदन की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न ११ बजे तक के लिए स्थगित कर दी. इससे पहले आज पूर्वाह्न ११ बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे. वे जासूसी के कथित आरोपों, महँगाई,



किसानों से जुड़े मसलों तथा अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहे थे. श्री बिरला ने विपक्षी सदस्यों से शांति बनाये रखने की अपील की और प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की. कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने शोर–शराबे के बीच ही आधुनिक ृषि से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दिया. इस बीच विपक्ष के कुछ सदस्य हाथों में तख्तियां लिए सदन के बीचों–बीच आ गये. श्री बिड़ला लगातार शांति बनाये रखने की अपील करते रहे. उन्होंने कहा कि सदन में तख्तियां लाना नियम–प्रक्रिया के अधीन नहीं है. कृपया सदस्य नारेबाजी और तख्तियां दिखाना बंद करें. उन्होंने कहा "आप जिस भी मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, सरकार चर्चा के लिए तैयार है". लेकिन जब विपक्षी सदस्यों पर उनकी अपील का कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी. बाद में एक बार फिर से जब कार्यवाही शुरु हुई तो हंगामा जारी रहने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही तीन बजे तक के स्थगित कर दी थी।

# पुलिस को वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने वाले की तलाश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग द्वारा आनलाइन पढ़ाई के लिए बनाए गए वाट्सएप ग्रुप पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजने वाले की तलाश शुरू हो गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सोमवार को हसनगंज पुलिस ने चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार से मिलकर कई बिंदुओं पर जानकारी ली। वहीं, प्राक्टर ने भी कई छात्रों से यह पता लगाने की कोशिश की कि आखिर यह नंबर किसने ग्रुप में जोड़ा है और मैसेज भेजने वाला कौन है? छात्रों ने रविवार को ट्विटर पर शिकायत दर्ज कराई थी कि प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के वाट्सएप ग्रुप पर अराजकतत्व, छात्राओं को संबोधित कर अश्लील वीडियो और मैसेज भेज रहे हैं। मामले में चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने हसनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चीफ प्राक्टर ने बताया कि पुलिस को पूरी जानकारी दे दी गई है। जिस नंबर से अश्लील मैसेज भेजे जा रहे थे, उसे ट्रू–कालर के जरिए पता लगाया गया। उसमें क्रिमिनल लिखकर आ रहा है। मोबाइल फोन नंबर भी बंद है। इस संबंध में विभाग के कई छात्रों से बात की गई। यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर ग्रुप एडमिन बने किस छात्र ने संबंधित नंबर को ग्रुप में जोड़ा था। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग द्वारा आनलाइन पढ़ाई के लिए बनाए गए वाट्सएप ग्रुप पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजा गया। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं लगाया जा सका है कि यह मैसेज कहां से और किसने भेजा। पुलिस सभी मामलों की गंभीरता से पड़ताल कर रही है।

# ठगों के उस्ताद ने बताया कैसे करते थे साइबर क्राइम

लखनऊ। साइबर क्राइम सेल और हजरतगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने जिन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने ही पुलिस को कई चौकाने वाली जानकारियां दी हैं। पुलिस ने गिरोह के सरगना दुमका झारखंड निवासी प्रमोद मंडल उर्फ विजय और उसके भाई मनोज मंडल के अलावा राजेश कुमार, करन कुमार और जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया था। पुलिस और बैंककर्मियों ने ठगों के उस्ताद प्रमोद मंडल और उसके साथियों से साइबर ठगी के तरीकों और उससे बचाव की जानकारी ली। ठगों ने बैंकों की खामियां गिनाई, जिसे दूर करने के लिए पुलिस पत्राचार कर रही है।एसीपी साइबर क्राइम सेल विवेक रंजन राय के मुताबिक गिरोह के निशाने पर सेवानिवृत कर्मचारी सबसे ज्यादा थे। आरोपित सीयूजी नंबर पर फोन कर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। बैंकों की खामियों को दूर कर ठगी के मामले रोके जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि



सचिवालय से सेवानिवृत क्लर्क के खाते से बीते साल ठगों ने ५३ लाख रुपये निकाल लिए थे। साइबर सेल ने तब ११ जालसाजों को गिरफ्तार किया था, लेकिन प्रमोद मंडल बच निकला था। प्रमोद गिरोह बनाकर धोखाधड़ी करता था। गिरोह खाता धारकों को फोन कर उनके बैंक का ब्योरा ले लेते थे। इसके अलावा ओटीपी लेकर नेट बैंकिंग के जरिए भी ठगी करते थे। यही नहीं अगर किसी ने बैंक में एफडी या माध्यमों से रुपये जमा किए हैं तो उसपर लोन लेकर रुपये हड़प लेते थे। गिरोह में शामिल ठगों को अलग अलग काम दिया जाता था। ठग आपस में कॉल करना, फर्जी खाता खुलावाना, रुपये कैश करवाना, फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराना और पुलिस की जानकारी देने समेत अन्य कार्य विभाजित कर लेते थे। ठगी की रकम काम के हिसाब से प्रमोद साथियों को बांट देता था। आरोपितों के पास से एक लाख २० हजार रुपये व छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। प्रमोद और उसके गिरोह पर कई राज्यों में मुकदमे दर्ज हैं, जिनका ब्योरा पुलिस जुटा रही है।

# खीरी के २९ अवैध ईंटभट्टों होंगे बंद, डीएम ने एसडीएम को जारी के निर्देश

लखीमपुर खीरी। डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने उप्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ की सहमति प्राप्त किए बिना जनपद खीरी में स्थापित व संचालित किए गए २६ अवैध ईंट भट्टों को बंद कराने के निर्देश संबंधित एसडीएम को जारी किए हैं। जिसकी अनुपालन रिपोर्ट भी ०३ दिन के अंदर तलब की है। उन्होंने बताया कि मुख्य पर्यावरण अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा जनपद खीरी के २६ ईट भट्ठा की बंदी आदेश जारी किया। जिसकी प्रतिलिपि उन्हें एवं पुलिस अधीक्षक व क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को बंदी आदेश का अनुपालन हेतु प्रेषित की गई। उन्होंने उप जिलाधिकारी लखीमपुर, मोहम्मदी, धौराहरा, गोला व मितौली को निर्देशित करते हुए कहा कि उल्लिखित २६ ईट भट्ठों को तत्काल बंद करा कर उक्त आशय का प्रमाण पत्र उन्हें ०३ दिन के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# मतांतरण मामले में निरुद्ध मुल्जिम सात दिन के लिए एटीएस के हवाल

लखनऊ। मतांतरण मामले में निरुद्ध मुल्जिम प्रसाद रामेश्वर कावरे उर्फ आदम, कौशर आलम व भूप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा को एटीएस की विशेष अदालत ने सात दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड की यह अवधि २२ जुलाई दोपहर १२ बजे से शुरू होकर २६ जुलाई दोपहर १२ बजे तक होगी। एटीएस के विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील कुमार ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है।विवेचक का कहना था कि मुल्जिमों के द्वारा साजिश के तहत धाघ्मक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर मूक–बधिर लोगों का मतांतरण कराया गया है। इसके लिए हवाला के माध्यम से इनके साथी मो. उमर को भारी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई गई। मो. उमर पहले से न्यायिक हिरासत में है। इन मुल्जिमों के पास से सात मोबाइल फोन, एक लैपटाप, एक टैब व दो हार्ड डिस्क बरामद हुए हैं। इनसे बरामद इलेक्ट्रानिक डिवाइस का डाटा ट्रांजक्शन कर गहन पूछताछ करना है। इनके बैंक खातों का विश्लेषण करना है।इनके द्वारा मो. उमर के इस्लामिक दावा सेंटर के माध्यम से कराए गए मतांतरण वाले व्यक्तियों को चिह्नित करना है, जिसके लिए इन्हें दिल्ली, नागपुर व अन्य स्थानों पर ले जाना है। साथ ही इनसे संबंधित दस्तावेज भी बरामद करना है। इनके महाराष्ट्र नेटवर्क में और कौन–कौन लोग शामिल हैं, उनकी भी शिनाख्त करानी है। १७ जुलाई को इन मुल्जिमों को नागपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इस मामले में आइपीसी की धारा ४२०, १२०बी, १५३ए, १५३बी, २६५ए, ५११ व उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम की धारा ३, ५ व ८ के तहत थाना एटीएस में एफआइआर दर्ज हुई थी।

# शिक्षकों तथा समाजसेवियों के प्रयासों से पौधारोपण कार्यक्रम हुआ संपन्न


लखनऊ। 'आओ मिलकर करें धरती का श्रृंगार' कार्यक्रम के तहत इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर विद्यालय के प्रध




ानाचार्य, शिक्षकों तथा समाजसेवियों के प्रयासों से पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाजसेवियों के प्रयासों से ना केवल पौधे लगाए गए बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की गई। इसी मौके पर मौजूद समाजसेवी प्रीतम सिंह ने कहा कि हम भारतवासी धरती को मां का दर्जा देते हैं इसलिए उसके श्रृंगार में चार चांद लगाना भी हमारा दायित्व व धर्म है। शिक्षक एस. के. शुक्ला ने वृक्षों से भावनात्मक लगाव की बात कही! वहीं अशोक ओझा ने कहा कि सिर्फ पौधारोपण कर देने से ही हमारा कर्तव्य पूरा नहीं हो जाता है हमें तब तक पौधों को संरक्षण देना होगा जब तक वह पेड़ ना बन जाए! विद्यालय के प्रधानाचार्य जे.पी. वर्मा व उप प्रधानाचार्य बी. बर्नवाल, प्रकाश, सुरेश, सुनील सफिना व अन्य ने बताया कि पौधा रोफने से पहले हम संकल्प लें कि वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा हम करेंगे! यहां पर उपस्थित पर्यावरणविदों ने वृक्ष के कटान से होने वाले दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला तथा अधिकाधिक पौधे लगाने की बात पर जोर दिया।

# अब शिक्षामित्रों को वर्ष में ११ आकस्मिक अवकाश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत डेढ़ लाख से अधिक शिक्षामित्रों के लिए खुशखबरी है। वे अब हर संविदा वर्ष में मिलने वाले ११ अवकाश कभी भी ले सकते हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार ने हर माह मात्र एक अवकाश लेने की बाध्यता खत्म कर दी है। शिक्षामित्र इसकी मांग लंबे समय से कर रहे थे। १४ साल बाद अवकाश नियमावली में संशोधन किया गया है।उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों में करीब १.५३ लाख शिक्षामित्र संविदा पर तैनात हैं। वर्ष की ११ माह की सेवा में उन्हें इतने ही आकस्मिक अवकाश मिलते रहे हैं, लेकिन परेशानी यह थी कि वे माह में मात्र एक आकस्मिक अवकाश ले सकते थे। यानी शिक्षामित्रों के बीमार होने, चोटिल होने या फिर अन्य वजहों से विद्यालय न जाने पर उनके मानदेय में कटौती की जाती रही है। शिक्षामित्र प्राथमिक शिक्षकों की तरह आकस्मिक अवकाश की संख्या बढ़ाकर १४ करने और उसे कभी भी लेने की मांग लंबे समय से कर रहे थे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बीती २१ जून को शासन को प्रस्ताव



भेजा था।सचिव रणवीर प्रसाद ने मंगलवार को अवकाश नियमावली में संशोधन का आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि शिक्षामित्रों की उपस्थिति पंजिका का रखरखाव विद्यालय प्रधानाध्यापक करते हैं। अब शिक्षामित्रों को संविदा वर्ष में अधिकतम ११ दिन का आकस्मिक अवकाश मिलेगा। इससे अधिक अनुपस्थिति पर मानदेय में कटौती होगी। ज्ञात हो कि शिक्षामित्रों को माह में मात्र एक आकस्मिक अवकाश देने का आदेश १५ जून, २००७ को हुआ था। आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उप्र के अध्यक्ष जितेंद्र शाही ने इस फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि शिक्षामित्रों को ६२ साल तक सेवा करने का अवसर भी मिलेगा।उत्तर प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अंशकालिक अनुदेशकों की तैनाती का आदेश ३१ जनवरी, २०१३ को हुआ था। उन्हें भी ११ माह की नियुक्ति संविदा पर दी गई थी। अनुदेशकों को संविदा वर्ष में अधिकतम १० आकस्मिक अवकाश दिए जाने का प्रविधान हुआ। इसमें माहवार अवकाश लेने का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था। शिक्षामित्रों के लिए व्यवस्था बदलने का यही आधार बना है।

# अश्लील वीडियो मामले 23 जुलाई तक राज कुंद्रा पुलिस हिरासत में

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को अश्लील वीडियो मामले में २३ जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। अभिनेत्री के पति राज कुंद्रा को आज कोर्ट में पेश किया गया। राज कुंद्रा को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार देर रात गिरफ्तार किया था। उनपर अश्लील फिल्में बनाने और उसे एप पर अपलोड करने का आरोप है। राज कुंद्रा की पेशी के दौरान पुलिस की ओर से कहा गया कि, उनकी कंपनी वियान के एकाउंट में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा जमा है। जिसकी जांच करने के लिए राज कुंद्रा से पूछताछ की जाए जिससे सच्चाई का पता चल सके। पुलिस राज कुंद्रा के मोबाइल की फोरेंसिक जांच भी करावाएगी। माना जा रहा है कि इसमें कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।



राज कुंद्रा का मामला उजागर होने के बाद एक मॉडल सागरिका शोना सुमन एक खुलासा करते हुए बताया कि राज कुंद्रा की मौजूदगी में वीडियो कॉल के जरिए उन्हें न्यूड ऑडिशन के लिए कहा गया था। हालांकि मॉडल ने ऑडिशन से इनकार कर दिया था। मॉडल का कहना है कि उन्हें उमेश कामत नाम के एक व्यक्ति ने कहा था कि अडिशन राज कुंद्रा की वेब सीरीज के लिए होगा। अश्लील वीडियो मामले में गिरफ्तार राज कुंद्रा का नाम आईपीएल मैच फिक्सिंग मामले में भी सामने आया था। फिक्सिंग का मामला उजागर होने के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम पर २ साल का बैन लगा दिया गया था। तब राज कुंद्रा राजस्थान रयल्स के आनर थे। हालांकि अब राज कुंद्रा राजस्थान रॉयल्स के मालिक नहीं हैं।

# १५ अगस्त से पहले देशप्रेम जगाएगी फिल्म 'शेरशाह', कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा होंगे साथ

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'शेरशाह' को लेकर दर्शकों का इंतजार जल्द ही खत्म होने जा रहा है। फिल्म का फर्स्ट लुक पहले ही रिलीज हो चुका है। जो काफी चर्चा में बना हुआ है। इसमें हॉट अंदाज के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अलग ही लुक में दिखाई दे रही है। फिल्म शेरशाह में कियारा 'डिंपल चीमा' का किरदार निभाने जा रही है। इस किरदार में कियारा बेहद सिंपल लुक में दिखाई देंगी। वहीं दूसरी ओर फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा का लुक भी अलग हट कर सामने आया है। फिल्म शेरशाह में सिद्धार्थ



मल्होत्रा आर्मी ऑफिसर कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का एक पोस्टर जारी हो चुका हैं जिसमें सिद्धार्थ आर्मी की वर्दी पहने दिखाई दे रहे हैं। साथ ही हाथ में बंदूक लिए जंग के मैदान में जाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन ने किया हैं जो साउथ फिल्म इंडस्ट्री के एक जाने–माने निर्देशक माने जाते हैं। फिल्म 'शेरशाह' पूरी तरह से देशप्रेम को समर्पित है। देशभक्ति पर आधारित इस फिल्म का दर्शक को बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में फिल्म मेकर्स भी फिल्म को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ही रिलीज करने की फिराक में हैं। माना जा रहा हैं कि फिल्म १२ अगस्त को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो सकती है।

# यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट की उल्टी गिनती शुरू

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के ५६ लाख छात्र–छात्राओं का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने वाला है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ परिणाम की तारीख घोषित करेंगे।

कोरोना की दूसरी लहर की वजह से पहली बार बिना परीक्षा का परिणाम आएगा। वैसे तो दोनों कक्षाओं के रिजल्ट का फार्मूला सार्वजनिक है और फेल कोई होगा नहीं। ऐसे में रिजल्ट को लेकर छात्र–छात्राओं का कौतूहल कलेजों पर टिका है, क्योंकि पिछली परीक्षाओं में मिले अंक कलेजों ने ही वेबसाइट पर दर्ज किए हैं और यही अंक परिणाम का आधार होंगे।यूपी बोर्ड की वर्ष २०२१ की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के छात्रों का मूल्यांकन फार्मूला बीती २० जून को ही तय कर चुकी है। इसमें इंटरमीडिएट के छात्रों का परीक्षाफल बनाने में हाईस्कूल के ५० प्रतिशत, कक्षा ११ की वार्षिक और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के ४० और कक्षा १२ की प्री–बोर्ड परीक्षा के १० फीसद अंक जोड़े गए हैं। वहीं, हाईस्कूल परीक्षाफल के लिए कक्षा नौ और कक्षा १० की प्री–बोर्ड परीक्षा के ५०–५० प्रतिशत अंक जोड़कर परिणाम लगभग तैयार हो गया है। आमतौर पर अर्द्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा के अंकों को छोड़कर हर विद्यार्थी के पास पिछली परीक्षाओं के परिणाम हैं। वे उपलब्ध रिपोर्ट कार्ड के आधार पर मिलने वाले अंक जोड़ रहे हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट के अंकों का अनुमान ही लगा पा रहे हैं।१०वीं व १२वीं की लिखित परीक्षा न होने से विद्यार्थियों को स्क्रुटनी यानी अंक सुधार आदि का लाभ नहीं मिलेगा और वे उत्तर पुस्तिका भी देख नहीं सकेंगे। यदि वे मिले अंकों से संतुष्ट नहीं होते हैं तो उन्हें लिखित परीक्षा में बैठना होगा। ज्ञात हो कि सरकार ने पहले ही कहा था कि जो विद्यार्थी अंकों से सहमत नहीं होंगे, उन्हें परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

## नोरा फतेही ने की हॉटनेस की सारी हदें पार

बॉलीवुड एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है। बहुत ही कम समय में नोरा की अच्छी खासी फैंस फलोइंग बन गयी है। उनके डांस और स्टाइल को लेकर भी फैंस में जबरदस्त दीवानगी है। हाल ही में नोरा फतेही ने ने कुछ फोटो शेयर की है, जिनमें वह बेहद बोल्ड और खूबसूरत लग रही है। फोटो में देखा जा सकता है कि, नोरा ने ब्लू कलर वन पीस पहना हुआ है। इन फोटो में नोरा के एक्सप्रेशंस जबरदस्त लग रहे हैं। उनके पोज भी देखने लायक हैं। नोरा द्वारा शेयर की गई इस वीडियो में उनका क्यूट अंदाज देखा जा सकता है। वे अपने चुलबुले अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं। इस वीडियो को अभीतक एक लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक